तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 देहरादून में जिले के खिलाड़ी प्राप्त कर रहे हैं कर्लिंग खेल का प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### बालको साहू समाज आज मनाएगा कर्मा जयंती

**कोरबा।** बालको साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती का आयोजन किया जा रहा है जो पूरे बालकोनगर हर्षोंल्लास के साथ मनाया जाएगा। बीते दिनों साहू सदन में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं सदस्यों की उपस्थिति में आयोजन संबंधी मीटिंग संपन्न हुई जिसके अनुसार यह आयोजन 5 अप्रेल को दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। समाज के महासचिव डिकेश्वर साहू ने बताया कि इस अवसर पर समाज के नारी शक्तियों द्वारा भव्य व दिव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी जो साहू सदन बालको से प्रारंभ होकर सिविक सेंटर होते हुए बालको बस स्टेंड पर समाप्त होगी। जहां यात्रा के पश्चात महाप्रसादी के रुप में सभी आमजनों के लिए खिचड़ी प्रसादी व शरबत वितरण का कार्य किया जाएगा।

### प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 25 से

कोरबा। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़ के सम्बन्धित पालीटेक्निक कालेजों में प्रवेश के लिए प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया है। यह परीक्षा राज्य के विभिन्न पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश हेतु आयोजित की जाएगी, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार पालीटेक्निक कालेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 मार्च से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल को सायं 5 बजे तक चलेगी।

### सड़क किनारे लगी दुकानो, गाडियों की पार्किंग से हो रही दुर्घटनाएं

**कोरबा।** कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर सडक की स्थिति बेहतर तो कर ली गई लेकिन यहां कई तरह की खराबियां उत्पन्न होने से आये दिन हादसे हो रहे हैं। वैशाली नगर खमरिया में फोरलेन के किनारे पंचर से लेकर कई दुकाने अवैध रूप से खुल गई है। दूसरी ओर सडक पर ट्रक की अवैध पार्किंग के कारण सामने का हिस्सा नजर नहीं आता। इसलिए भी घटनाएं हो रही है। वैशाली नगर पुनर्वास क्षेत्र में मुख्य मार्ग के किनारे अतिक्रमण का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। पहले यहां एक दुकान खुली। इसके बाद अब पंचर से लेकर कई प्रकार की दुकानें शुरू हो गई है। धीरे-धीरे आसपास की खाली पड़ी जमीन को कब्जाने की मंशा है। इस आधार पर आगे पत्रे की मांग करने का अधिकार तो मिल ही सकता है। मौजूदा स्थिति में अवैध दुकानों के खुलने से बड़ी समस्या सामने आ गई और वह है पार्किंग की। बताया जा रहा है कि मनमाने तरीके से इन्हीं दुकानों के ठीक सामने फोरलेन पर रात में सैकड़ों मीटर तक वाहनों को पार कर दिया जा रहा है। गाडियों का स्टाफ यहां पर आराम फरमाता है।

### बताती बगीचा में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**कोरबा।** कोरकोमा-करतला मार्ग पर स्थित ग्राम बताती में स्वर्गीय छोटेलाल समृति बगीचा है। इस सुरम्य बगीचा में रामभक्त हनुमान के दिव्य मंदिर में मातनहेलिया परिवार द्वारा हनुमान जयंती मनाई गई और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के साथ हनुमान चालीसा का पाठ भी भक्तों ने किया। क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक सुआ एवं अन्य आदिवासी नृत्य कर आध्यात्मिक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और हनुमान जन्मोत्सव में उपस्थित भक्तों का सात्विक मनोरंजन भी किया। सभी धार्मिक अनुष्ठान और मातनहेलिया परिवार द्वारा हनुमान पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं आमजनों ने भंडारे में भोग-प्रसाद ग्रहण किया।

# बोर्ड कांपियों का मूल्यांकन कल तक होगा पूरा, 1 लाख 36 हजार से अधिक कांपियां पहुंची थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बोर्ड परीक्षाओं की कापियों का मूल्यांकन कार्य कल तक पूरा हो जाएगा। अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 7 अप्रैल तक मूल्यांकन की अंतिम तिथि तय की गई है। दोनों ही मूल्यांकन केन्द्र साडा कन्या और एनसीडीसी में मूल्यांकन कार्य 6 अप्रैल तक पूर्ण कर लिए जाने की जानकारी सामने आई है।

अलग खबर

जिले में साडा कन्या और एनसीडीसी स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं की चल रहे मूल्यांकन का कार्य के तहत कुल 1 लाख 36 हजार 785 कांपियां मूल्यांकन के लिए पहुंची थी। इनमें से एनसीडीसी मूल्यांकन केन्द्र में 10वीं की 35 हजार और 12वीं की 22 हजार कांपियां शामिल हैं। इसी तरह साडा कन्या मूल्यांकन केन्द्र में 10वीं की 53 हजार 375 और 12वीं की 26 हजार 410 कांपियां शामिल हैं। 16 मार्च से शुरु हुए मूल्यांकन कार्य को 7 अप्रैल तक पूर्ण करने की तिथि तय की गई है। साडा कन्या में चल रहे मूल्यांकन कार्य के तहत 10वीं की 1 हजार 217 और 12वीं की 828 कांपियां मूल्यांकन के लिए शेष बची हैं। जबकि एनसीसी मूल्यांकन केन्द्र में 12वीं के कांपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। मूल्यांकन का कार्य रविवार तक पूर्ण कर लिया गया होगा। दोनों ही मूल्यांकन केन्द्रों में 545 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिनके द्वारा मूल्यांकन कार्य किया गया। साडा कन्या मूल्यांकन केन्द्र में कटघोरा और कोरबा ब्लाक के शिक्षकों की ड्यूटी लगी थी। वहीं एनसीडीसी मूल्यांकन केन्द्र में करतला, पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। मूल्यांकन के लिए बोर्ड द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मोबाइल प्रतिबंधित किया गया था। इसके साथ ही दोनों मूल्यांकन केन्द्रों के कुछ कमरों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे।

### एनसीडीसी और साडा कन्या में हो रहा मूल्यांकन

**खास बातें**

- एनसीडीसी मूल्यांकन केन्द्र में 12वीं की कांपियां का मूल्यांकन हुआ पूरा, 10वीं का मूल्यांकन आज हो जाएगा पूरा



## शासन के नए आदेश से निर्माण एजेंसियां निकाल रही हैं टेंडर

# ग्रामीण अंचल में विद्युतीकरण के साथ बनेंगे शासकीय भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन के नए आदेश के बाद अब ग्रामीण अंचल में बनने वाले किसी भी शासकीय भवन का निर्माण विद्युतीकरण के साथ किया जाएगा। पूर्व में केवल भवन का निर्माण कार्य ही किया जाता था। विद्युतीकरण के लिए नए सिरे से टेंडर निकालना या पंचायत मद से कराए जाने के निर्देश से भवन बिना विद्युतीकरण कार्य के ही उपयोग में लाए जाते थे।

जिले में इस समय डीएमएफ मद एवं अन्य शासकीय मदों से पंचायत भवन, पीडीएस गोदाम, सचिव कार्यालय, पटवारी कार्यालय, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें कुछ के निर्माण कार्य पूरे भी हो गए हैं। लेकिन मूल्यांकन के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को निर्माण एजेंसियों के चक्कर काटना पड़ता था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जितने भी शासकीय भवन स्वीकृत हुए हैं उन सभी में विद्युतीकरण का कार्य अनिवार्य कर दिया गया है। निर्माण एजेंसियां इन नए शर्तों के साथ टेंडर जारी कर रही हैं। भवन निर्माण पूरा होने के बाद इनके मूल्यांकन को लेकर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिनके द्वारा सिविल कार्यों का तो मूल्यांकन किया जा रहा है लेकिन विद्युतीकरण के कार्य के मूल्यांकन को लेकर आनाकानी की जा रही है। उनका कहना है कि निर्माण एजेंसियों के तहत सिविल वर्क का मूल्यांकन उनकी जिम्मेदारी है। विद्युतीकरण कार्य का मूल्यांकन अलग से या बिजली विभाग से संबंधित अधिकारियों की टीम करेगी। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के साथ लोक निर्माण विभाग के पास ईएंडएम विभाग मौजूद है। जिनके द्वारा विद्युतीकरण का कार्य किया जाता है। उक्त विभाग के अभियंता भी निर्माण कार्य पूरा हो चुके उन भवनों के विद्युतीकरण कार्य का मूल्यांकन नहीं कर रहे हैं।

**खास बात**

- मूल्यांकन के लिए पंचायत प्रतिनिधि काट रहे एजेंसियों के चक्कर



फाइल फोटो

**मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है**

विभाग में सभी निर्माण कार्यों के मूल्यांकन हेतु एक इंजीनियर ही पदस्थ है। जिसके द्वारा सभी क्षेत्रों में होने वाले निर्माण कार्यों का मूल्यांकन किया जाता है। पाली क्षेत्र में भी भवन निर्माण हुए हैं उनका भी मूल्यांकन हो रहा है। जिसमें विद्युतीकरण के कार्य शामिल हैं।

**-अशोक कुमार जोगी,** कार्यपालन अभियंता, आरईएस

### पाली ब्लाक में सामने आई है समस्या

पाली विकासखंड अंतर्गत अनेक भवनों का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें पीडीएस भवन, आंगनबाड़ी, स्कूल भवन शामिल हैं। इन सभी में विद्युतीकरण कार्य पूरा किए जाने के बाद भी मूल्यांकन कार्य नहीं होने के कारण पंचायत के द्वारा बिल भुगतान में असमर्थता जताए जाने से कार्य करने वाली एजेंसी पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक का चक्कर काट रही है। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि अब हर निर्माण कार्यों में विद्युतीकरण का कार्य अनिवार्य कर दिया गया है और मूल्यांकन भी निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों को करना है। लेकिन मूल्यांकन नहीं किए जाने के कारण निर्माण कार्यों की राशि पंचायत के खाते में जारी नहीं होने से भुगतान लंबित हैं।

# एनटीपीसी के विद्युत संयंत्रों के पीएलएफ में दर्ज की गई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी के तीनों विद्युत संयंत्र कोरबा, सीपत, लारा के प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) में कमी दर्ज की गई है। बिजली का उत्पादन भी लक्ष्य से कुछ कम हुआ है। वर्ष 24-2025 में एनटीपीसी कोरबा संयंत्र का पीएलएफ 90.76 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में गिरकर 87.71 प्रतिशत हो गया है। इस तरह संयंत्र के पीएलएफ में इस वर्ष 3.05 प्रतिशत की गिरावट आयी है।

उल्लेखनीय है कि जिले में एनटीपीसी का 2600 मेगावाट क्षमता वाला विद्युत संयंत्र प्रचालन में है। वित्तीय वर्ष 2025- 26 में एनटीपीसी कोरबा से 19977.10 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। लक्ष्य 20700 मिलियन यूनिट का था। 2024-25 के मुकाबले प्लांट लोड फैक्टर में गिरावट दर्ज हुई है। 2024-25 में पीएलएफ 90.76 प्रतिशत था, जबकि 2025-26 में यह आंकड़ा गिरकर 87.71 प्रतिशत पर आ गया। एनटीपीसी सीपत की उत्पादन क्षमता 2980 मेगावाट है। खत्म हुए वित्तीय वर्ष 2025- 26 में संयंत्र का प्लांट लोड फैक्टर 82.20 प्रतिशत दर्ज हुआ। जबकि 2024- 25 में पीएलएफ 88.06 प्रतिशत था। एनटीपीसी सीपत ने 2025- 26 में 21457.44 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया। लक्ष्य 22775 मिलियन यूनिट का था। रायगढ़ जिले में स्थित एनटीपीसी लारा की उत्पादन क्षमता 1600 मेगावाट है। लारा संयंत्र से 12182.65 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। लक्ष्य 12300 मिलियन यूनिट का था। एनटीपीसी लारा के पीएलएफ में भी गिरावट आई है। 2025- 26 में संयंत्र का पीएलएफ 86.92 प्रतिशत रहा। 2024-25 में यह आंकड़ा 90.24 प्रतिशत था।



**खास बातें**

- कोरबा, सीपत और लारा के पीएलएफ में आई कमी
- एनटीपीसी कोरबा में बीते वर्ष 90 .76 प्रतिशत की जगह इस वर्ष 87 .71 प्रतिशत पीएलएफ

### क्या होता है प्लांट लोड फैक्टर

पावर स्टेशन इकोनॉमी में लोड फैक्टर एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है। यह प्लांट की एवरेज लोड और मैक्सीमम डिमांड के बीच रेशो को दर्शाता है। लोड फैक्टर प्लांट की इफ्फीसेंसी, यूटीलाईजेशन और इकोनॉमीक ऑपरेशन को समझने में मदद करता है। लोड फैक्टर प्लांट की इफ्फीसेंसी और इकोनॉमीक ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण है। हाई लोड फैक्टर से प्लांट की फ्यूल यूटीलाईजेशन बेहतर होती है और जनरेशन कॉस्ट कम होती है। इसलिए प्लांट ऑपरेटर और प्लानर्स इसे ध्यान में रखकर ऑपरेशन और मेंटनेंस प्लान करते हैं।

# छोटे भाई की हत्या कर फरार बड़ा भाई गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन बंटवारे को लेकर अपने ही भाई पर लाठी व डंडा से हमला कर हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले फरार बड़े भाई को आखिरकार पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

**खास बातें**

- जमीन विवाद को लेकर दोनों भाईयों में हुआ था विवाद
- पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सनहा का मामला

उल्लेखनीय है कि पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेनहा निवासी बैसाखूराम यादव ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे महुआ बीनकर घर आया तो देखा कि उसका छोटा पुत्र दयाराम यादव रोड किनारे बेहोश पडा था उसके शरीर, सिर, नाक, माथा, पीठ और पैर में चोट लगा था। दयाराम यादव की पत्नी रामवती बतायी कि जेठ कल्याण यादव जमीन बंटवारा की बात को लेकर झगड़ा लड़ाई करते हुये दयाराम यादव को मारपीट करने लगा जब दयाराम बचने के लिये भागा तो घर में रखे बहिंगा लाठी (डण्डा) से ताबडतोड वार करने लगा। इस दौरान जब दयाराम जमीन पर गिर गया तो उसकी गला दबाने लगा जिसकी वजह से दयाराम यादव बेहोश हो गया। जिसे मरा हुआ समझकर कल्याण यादव वहां से भाग गया। परिजनों द्वारा दयाराम यादव को ईलाज हेतु पीएचसी पसान लेकर गये जहां से रेफर करने पर जिला अस्पताल गौरेला लेकर गये जहां डॉ द्वारा दयाराम यादव को मृत घोषित कर दिया गया। इस मामल में गौरेला थाना में मर्ग कायम कर मामला थाना पसान जिला कोरबा क्षेत्र का होने से शून्य में अपराध पंजीबद्ध कर थाना पसान को ऑनलाईन के माध्यम से प्रेषित करने पर थाना पसान में आरोपी कल्याण यादव के विरूद्ध असल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी की पतासाजी हेतु संबंधित ग्राम सेन्हा में पतासाजी शुरु की गई। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं थाना पसान स्टाफ के वाट्सअप ⏭ शेष पेज 3 पर

# कुदुरमाल पुल की मरम्मत के लिए नहीं मिली एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल पुल के जर्जर होने के बाद भारी वाहनों का दबाव शहर के अन्य मार्गों में बढ़ गया है। बीते 6 माह से पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगी हुई है। पुल के मरम्मत हेतु सेतु निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग को एजेंसी तलाश करने की जिम्मेदारी दी गई थी। दोनों विभाग अब तक एजेंसी तलाश नहीं कर सके हैं।

**खास बातें**

- सेतु निगम एव पीडब्ल्यूडी विभाग को मरम्मत की दी गई थी जिम्मेदारी
- 6 माह से पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर लगी है रोक



फाइल फोटो

कुदुरमाल पुल के जर्जर होने की रिपोर्ट सेतु निगम विभाग के द्वारा पीडब्ल्यूडी को दिए जाने के बाद नवंबर माह से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाए जाने के बाद शहर से गुजरने वाले मार्गों में भारी वाहनों का दबाव बढ़ गया है। जिला प्रशासन के द्वारा पुल के मरम्मत हेतु लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम को एजेंसी तलाश करने की जिम्मेदारी दी गई थी। दोनों ही विभाग के अधिकारियों के द्वारा मरम्मत के लिए निर्माण एजेंसी की तलाश की गई। पश्चिम बंगाल और हैदराबाद के कंपनियों से संपर्क साधा गया था। किन्तु अब तक मरम्मत के संबंध में किसी भी कंपनी से एग्रीमेंट जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है। बताया गया है कि पुल के मरम्मत में ही एक बड़ी राशि खर्च होगी। इसके लिए राज्य शासन से अनुमति लेने के बाद ही मरम्मत के लिए एजेंसियों को काम सौंपा जाएगा।

### बालको रिंग रोड और शहर से गुजर रहे भारी वाहन

कुदुरमाल पुल से आवागमन पर रोक लगने के बाद भारी वाहन बालको रिंग रोड से गुजर कर चांपा पहुंच रहे हैं। इसी तरह मानिकपुर कोयला खदान आने वाले वाहन भी टीपीनगर चौक में बीच शहर से गुजर रहे हैं। दोनों मार्गों में भारी वाहनों के दबाव के कारण रात के समय गुजरना मुश्किल हो जा रहा है। शहर के सीएसईबी और टीपीनगर चौक में नो एंट्री खत्म होते ही आम शहरवासियों का गुजरना मुश्किल हो जा रहा है।

### ढेंगुरनाला और बेगलगढ़ी पुल भी है जर्जर

ध्यानचंद चौक से रिस्दी चौक तक दो पुल स्थित हैं और दोनों ही पुल जर्जर हैं। जिनसे पिछले 6 माह से भारी वाहन गुजर रहे हैं। इसमें ढेंगुरनाला सतनामनगर का पुल का मरम्मत लंबे से नहीं हुआ है। पुल का एक हिस्सा धंस चुका है। उसके बावजूद मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं हो रही है। उक्त पुल का निर्माण हुए भी 35 साल से अधिक का समय गुजर चुका है। यही स्थिति बेलगढ़ी नाला पुल की भी है जो बजरंग चौक के पास मौजूद है। इन दोनों पुलों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भी तैयार हुए हैं। पर काम बड़े स्तर पर शुरू नहीं हुए हैं।

## लालघाट चेकपोस्ट के नागरिकों को मिली सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सौगात

# छत्तीसगढ़ को हमारी सरकार ने बनाया और वही संवार रही : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी ने 25 वर्ष पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया था, राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है तथा इस उद्यान का नाम भी रजत जयंती उद्यान रखा गया, मुझे खुशी है कि सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सेवा हेतु समर्पित किया गया है। छत्तीसगढ़ को हमारी सरकार ने ही बनाया था और अब हमारी सरकार ही छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 38 लालघाट चेकपोस्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।



उद्यान का शुभारंभ करते उद्योम मंत्री व महापौर।

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत लालघाट चेकपास्ट बस्ती के रहवासियों को सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सौगात प्राप्त हुई है। श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नवनिर्मित रजत जयंती उद्यान को जनसेवा में समर्पित किया। 21 लाख 50 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण कार्य कराया गया है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की उपस्थिति में लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया तथा फीता काटकर रजत जयंती उद्यान को आमजनता की सेवा हेतु समर्पित किया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन के मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है, आमजनता की समस्यायें प्राथमिकता के साथ दूर की जा रही है। विगत एक वर्ष के दौरान नगर निगम ने अनेक उपलब्धियाँ अर्जित की है, वर्षों की समस्यायें दूर की गई है, मैं विश्वास दिलाती हूं कि निगम क्षेत्र में विकास की यह गति आगे भी लगातार जारी रहेगी। इस अवसर पर हितानंद अग्रवाल, नरेन्द्र देवांगन, चेतन सिंह मैत्री, सत्येन्द्र दुबे, मुकुंद सिंह कंवर, मंगल बंदे, डिलेन्द्र यादव, जय राठौर, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, अनिल यादव, मनोज सिंह राजपूत, एनके नाथ, आनंद सिंह राठौर, मोतीलाल बरेठ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पकड़ा गया मोबाइल और पर्स चोर

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टास्क टीम और जीआरपी ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर मोबाइल और पर्स चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को टास्क टीम के प्रधान आरक्षक रजनीश द्विवेदी, सत्यम सरकार, आरक्षक बैद्यनाथ तथा रेसुब पोस्ट के साथ स्टेशन पर गश्त व निगरानी के दौरान सुबह एक व्यक्ति को प्लेटफार्म नंबर 7-8 कटनी छोर की ओर संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पूछताछ में रामपुर भाटापारा कुम्हारी दुर्ग निवासी संजय प्रकाश भेंडारकार पिता प्रकाश भेंडारकार उम्र-27 वर्ष के पास मोबाइल एवं पर्स जब्त किया गया, जिसे उसने दो-तीन दिन पहले प्लेटफार्म नंबर 7-8 से एक सोए हुए यात्री के जेब से निकला था। टास्ट टीम ने आरोपी को पकड़कर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ धारा 35(1)(ड़), 303(2) के तहत कार्रवाई की है।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए बाइक सवार युवक की ऑपरेशन के कुछ समय बाद मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम चलनी निवासी रैनू लकड़ा आ. जयराम लकड़ा (30 वर्ष) एक सप्ताह पूर्व अपने ससुराल ग्राम बादा शंकरगढ़ गया था। 2 अप्रैल को रैनू गांव के ही वीरेन्द्र व अनोज के साथ ग्राम डीपाडीह से वापस बादा आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में शाम 7 बजे बोलेरो क्रमांक सीजी 10 एफ 1090 का चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने रैनू लकड़ा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां 3अप्रैल को चिकित्सकों ने युवक के पेट का ऑपरेशन किया जिसके कुछ समय बाद युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। परिजन के मुताबिक युवक का मौत सड़क दुर्घटना के कारण बताया है।

### पत्नी व बेटी से विवाद करने के बाद ग्रामीण ने लगा लिया फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम बलसेढ़ी निवासी धनेश्वर आ. अम्बिका प्रसाद (40 वर्ष) शुक्रवार को शराब के नशे में धुत हो कर घर आया और पत्नी व बेटी के साथ गाली गलौज करने लगा। घर में हल्ला गुल्ला सुन पिता अम्बिका प्रसाद आया और बेटा को शांत रहने की बात कहकर अपने घर चला गया। इधर पत्नी और बेटी भी बोरवेल में स्नान करने चली गई। स्नान करने के बाद दोनों घर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। धनेश्वर फांसी में लटका हुआ था। पत्नी ने किसी तरह फांसी से उतारी वहीं बेटी लक्ष्मी ने घटना की जानकारी दादा को दी। परिजन धनेश्वर को तत्काल शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### चावल में कीटनाशक मिलाकर कनहर में डालते तीन धराए

**रामानुजगंज।** कहनर नदी में जहरीला पदार्थ डालने वालों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चारा में कीटनाशक डालकर नदी में डालते पकड़े गए। बता दें कि शुक्रवार को कनहर नदी में जहरीला पदार्थ डालने से मछलियों की मौत का सामने आया था। जिस पानी की सप्लाई नगर में की जाती है उसमे जहर के कारण मछलियों के मौत की सूचना से हड़कंप मच गया था। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। गर्मी में नदी का जल स्तर कम होने पर कीटनाशक डालकर मछली मारने की शिकायतें भी लगातार मिल रही थी। इस बीच 4 अप्रैल की शाम तीन लोगों द्वारा कहनर एनीकट में कीटनाशक मिलाकर चावल डाला जा रहा था। जब एनीकट की निगरानी में लगे कर्मचारी ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी विवाद और मारपीट पर उतारू हो गए। ऐसे में इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में पुरानडीह निवासी 22 वर्षीय रवि राम आ. जोखन राम, 42 वर्षीय महावीर राम आ. जोखन राम व 33 वर्षीय जमुना राम आ. गिरधारी राम को बीएनएस की धारा 170, 126, 135 (3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### डीजीपी ने कहा-युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से निकालने सामूहिक प्रयास की जरूरत

# छत्तीसगढ़ की सीमा में नहीं घूम रहा एक भी हथियारबंद नक्सली : अरुण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अधिकारियों से चर्चा करते डीजीपी अरूण देव गौतम।

**खास बात**

- प्रदेश के डीजीपी ने ली रेंज स्तरीय बैठक, कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

प्रदेश के डीजीपी अरुण देव गौतम ने कहा है कि प्रदेश में इक्के दुक्के छिपे हुए नक्सलियों को छोड़ दें तो एक भी शस्त्र धारी नक्सली सीमा में घूम नही रहा है। प्रदेश में अफीम की खेती पर भी उन्होंने स्थिति स्पस्ट करने की कोशिश की और स्पष्ट किया है कि पुलिस अपनी ओर से यह प्रयास कर रही है कि दूसरे राज्यों से आकर लोग भोले भाले आदिवासी ग्रामीणों की जमीन को धोखे से किराए पर लेकर उसमें गांजा, अफीम की खेती नहीं कर सके।

डीजीपी श्री गौतम शनिवार को पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। शुक्रवार की देर शाम सरगुजा प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के डीजीपी अरुण देव गौतम ने शनिवार को आईजी दीपक झा के साथ रेंज के पुलिस अधीक्षकों और राज पत्रित अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। प्रदेश के साथ ही बलरामपुर जिले में अफीम की खेती को लेकर उन्होंने कहा कि राजस्थान, बिहार और झारखंड के कुछ गिने चुने लोगों ने कुछ इलाके में खेतों को लीज पर लेकर अफीम की खेती का प्रयास किया है और कुछ स्थानों पर उसके कमर्शियल यूज के सबूत भी मिले है। अब हम लोग सतर्क है कि झारखण्ड या किसी दूसरे प्रदेश से आकर लोग भोले भाले आदिवासियों को झांसे में लेकर अफीम की खेती ना कर सके। गांजा, अफीम या किसी भी ड्रग्स की सप्लाई रोकने का काम पुलिस का है लेकिन अगर मांग तेज होती है तो तस्कर भी इसके खपाने के लिए हर तरह का प्रयास करते है। उन्होंने कहा कि सप्लाई रोकने के लिए पुलिस तो अपना काम कर ही रही है लेकिन इसके साथ ही जरुरी है कि समाज में इसकी मांग भी कम हो। यदि इसे पुलिस की समस्या मानकर छोड़ देंगे तो आने वाले समय में भारी नुकसान होगा। पहले इस प्रदेश के रास्तों का उपयोग गांजा परिवहन के लिए किया जाता था लेकिन अब इसकी खपत बढ़ी है और इससे समाज पर विपरीत असर पड़ेगा। बच्चों, युवा पीढ़ी को नशे से दलदल से बचाने के लिए समाज के हर तबके में जागरूकता अभियन चलाए जाने की जरूरत है। इसके पूर्व आईजी ने रेंज के एसपी व अन्य राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपराध के पर्यवेक्षण व थाना स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर, जशपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह, एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर रमनलाल, कोरिया एसपी रवि कुर्रे, एमसीबी एसपी श्रीमती रत्ना सिंह सहित सभी जिलों के एएसपी, डीएसपी मौजूद थे।

### आईजी करेंगे कार्यों की समीक्षा

डीजीपी अरुण देव गौतम ने बताया कि रूरल डिवीजन में दूर दूर तक गांव का विस्तृत क्षेत्र है और वहां कई बार पुलिस की नजर नहीं पहुंच पाती है। इस सम्बन्ध में पुराने व्यावहारिक पुलिसंग के पुराने टूल्स पर चर्चा की गई। इसमें कुछ कमी भी पाई गई है। विशेष रूप से डीएसपी काडर का थाना स्तर पर बारीक पर्यवेक्षण होना चाहिए, अपने इलाके की उसको जानकारी होनी चाहिए। इसके बारे और अधिक सुधर करने के लिए कहा गया है। एसपी को निरीक्षण व क्षेत्र का भ्रमण करना, गांव की जानकारी रखना, कम्युनिटी से संवाद रखने के निर्देश दिए गए है। इसकी नियमित समीक्षा करने के लिए आईजी को कह गया है कि एसडीओपी के कार्यों का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करे। इससे उम्मीद है कि थाना स्तर की कार्यप्रणाली में आने वाले समय में बेहतर सुधार होगा।

#### पारदर्शी तरीके से होगी पुलिस भर्ती

पुलिस विभाग में निचले स्तर पर लगातर मिलने वाली शिकायतों व पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर डीजीपी श्री गौतम ने कहा कि आरक्षक पुलिस विभाग की रीढ़ है और अगर उनका प्रवेश विभाग में गलत तरीके से होगा तो उससे कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वह बहुत अच्छा काम करेगा। जिसका प्रवेश भ्रष्टाचार या किसी गैर वैधानिक तरीके से होगा वो अपने सेवा काल में बेहतर काम नहीं कर सकता इसलिए मेरी मान्यता हमेशा से रही है कि पुलिस की भर्ती साफ सुथरी और पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। आने वाले समय में बहुत से पुलिस के पद भरे जाने है और मेरी पूरी कोशिश होगी कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार ना हो और निष्पक्ष भर्ती की जाए।



## कार-बाइक की टक्कर के बाद लगी आग, तीन युवक झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- तेज रफ्तार बनी जानलेवा, जलती बाइक से निकाले गए घायल

प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर हुई दुर्घटना से क्षेत्र सनसनी फैल गई। घाट पेंडारी के नीचे 11 नंबर के समीप रात्रि लगभग 10 बजे कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में अचानक आग लग गई जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से झुलस गए और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।


जानकारी के अनुसार ग्राम पलढा निवासी मनीष आ. रघुनंदन (28 वर्ष), भारत आ. स्वाधीन (20 वर्ष) व अनिल आ. गोरेलाल (19 वर्ष) एक ही बाइक में सवार होकर तेज रफ्तार से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक की तेल टंकी में घर्षण से तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते बाइक आग की लपटों में घिर गई। आग की तेज लपटों ने बाइक सवार युवकों को भी अपनी चपेट में ले लिया। तीनों युवक बुरी तरह झुलस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना दर्दनाक था लोग घटना को देख दहशत में आ गए। कुछ समय के लिए तो यह आशंका भी जताई जाने लगी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है और घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्काल मदद के लिए आगे आते हुए एंबुलेंस को सूचना दी। लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने घायलों को देर न करते हुए पिकअप के माध्यम से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर पहुंचाया। अस्पताल में बीएमओ डॉ. अजीत दीवान सहित चिकित्सकों की टीम तत्काल सक्रिय हो गई और घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। लेकिन तीनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और वे जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं।

## आरोपी की हुई पहचान, तलाश में जुटी पुलिस


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एसएसपी ने बनाई चार पुलिस टीम

सद्भावना चौक के समीप फ्रेश फिश कंपनी के झाला में महिला की खून से सनी लाश मिलने के मामले में पुलिस की जांच जारी है। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कोतवाली थाना, साइबर सेल समेत चार विशेष पुलिस टीम का गठन किया है। इस बीच पुलिस ने मृतिका और आरोपी की पहचान करने में सफलता हासिल कर ली है। पुलिस ने मृतिका की लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द किया इसके साथ ही घटना स्थल पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज व लोगों से की गई पूछताछ के बाद और भी जानकारी सामने आई है। जिस व्यक्ति के साथ महिला जाते हुए नजर आई है उसकी पहचान पांडा उर्फ मिथुन के रूप में की गई है। घटना पश्चात संदेही द्वारा अन्य एक अन्य घूमन्तु महिला से तम्बाकू मांग कर खाने की बात सामने आई है। पुलिस फिलहाल संदेही की तलाश में जुटी हुई है।


संदेही युवक।

### निर्मम अपराध सरकार की नाकामी का ऐलान : सिंहदेव



महिला की बेरहमी से हत्या के मामले में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अंबिकापुर आज रो रहा है और हर संवेदनशील आंख शर्म से झुकी हुई है। हमारी अंबिकापुर की एक बेटी के साथ दुष्कर्म और उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। ये हैवानियत दिल्ली के निर्भया कांड की तरह दिल दहला देने वाली है। क्रोध भी है, पीड़ा भी है, और एक गहरा सवाल भी कि क्या हमारी बेटियाँ अब सड़कों पर भी सुरक्षित नहीं। यह निर्मम अपराध इस सरकार की नाकामी का खुला ऐलान है। जब शहर का सबसे व्यस्त इलाका भी सुरक्षित नहीं, तो यह सरकार आखिर किस बात का शासन चला रही है। यह सरकार नाकाम है। न कानून का डर, न व्यवस्था की पकड़, अपराधी खुलेआम दरिंदगी कर रहे हैं और सत्ता सिर्फ तमाशा देख रही है। हमारी अंबिकापुर की बेटी के साथ जो हुआ है, उस पीड़ा को बयां नहीं किया जा सकता। लेकिन यह तय है कि इसे भुलाया नहीं जाएगा, इसे दबाया नहीं जाएगा। व्यक्तिगत राय में ऐसे जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मांग साफ है कि आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी हो, फास्ट ट्रैक सुनवाई हो कर ऐसी सख्त कनूनी सजा दी जाए जो मिसाल बने। न्याय में देरी अब बर्दाश्त नहीं होगी, यह हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है।

## नरकालो बांध में जाल में फंसा मिला बालक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला



नरकालो बाँध में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मछली पकड़ने के लिए डाले गए जाल में एक 8 वर्षीय बालक का शव फंसा मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मांझा धवईटिकरा निवासी जमादार सारथी का पुत्र आकाश सारथी (8 वर्ष) शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह पापा में घर जा रहा है। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। इसी दौरान कुछ लोग बांध में मछली पकड़ रहे थे। जब उन्होंने जाल बाहर निकाला तो उसमें एक बालक का शव फंसा हुआ मिला। जाल में बालक को शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। आशंका जताई जा रही है कि बालक बांध में स्नान करने गया तभी जाल में फंस गया जिससे पानी में डूबने से बालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बीच बचाव करने गए युवक से मारपीट कर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दो युवकों के बीच विवाद होते देख एक युवक बीच बचाव करने गया तो हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, कतियापारा निवासी नोमेश भार्गव पिता विनोद भार्गव 3 अप्रैल की रात 10 बजे गांधी चौक मिनी स्टेडियम के सामने गए थे। इसी दौरान राकी भाई व यश कुमार के बीच लड़ाई झगड़ा हो रहा था। वे बीच बचाव करने गए तो राकी भोई आक्राशित होकर तू बीच में आने वाला कौन होता है कहकर गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। उनके दाहिने हाथ, पैर में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## आशीर्वाद इलेवन की टीम ने जीता दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**

- ऑफिसर्स क्लब में महाप्रबंधक समेत अन्य अधिकारियों ने केक काटकर हासिल उपलब्धियों पर खुशी साझा की



केटकाट कर जश्न मनाते अधिकारी।

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन एवं कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट लीग का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ,एकता स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में अधिकारी-कर्मचारी जेसीसी एवं ठेका कंपनियों सहित कुल आठ टीमों ने भाग लिया।

दो दिन चले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए आशीर्वाद इलेवन ने फाइनल में जेसीसी इलेवन को पराजित कर खिताब अपने नाम किया,फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जीएम ऑपरेशन जी.के. रॉय ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया,समापन समारोह में डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भरा,जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। इस अवसर पर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि लंबे समय बाद बिश्रामपुर क्षेत्र ने साढ़े 25 लाख टन से अधिक कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है,इसी खुशी में अधिकारी-कर्मचारियों, स्टेकहोल्डर्स एवं श्रम प्रतिनिधियों के बीच सद्भावना क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया,उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया है और चालू वित्त वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 40.50 लाख टन उत्पादन को हासिल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा,उन्होंने इसके लिए उपस्थित जनों का हाथ उठा कर समर्थन भी मांगा। देर शाम ऑफिसर्स क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं ठेका कंपनी के कर्मचारियों को मोमेंटो भेंट कर उनके कार्यों की सराहना कर सम्मानित किया गया।

## चाकू तलवार लेकर आंतक मचाते 3 युवक, 2 संदिग्ध, 6 वारंटी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



तोरवा पुलिस ने अड्डेबाजों के ठिकानो में दबिश देकर चाकू, तलवार रखकर आतंक मचाने वाले 3 बदमाशों, 2 संदिग्ध व 6 फरार वारंटियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने चाकूबाजी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए थानेदारों को बदमाशों के अड्डों में दबिश देकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल, सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस गगन कुमार के नेतृत्व में तोरवा टीआई अभय सिंह बैस अलग अलग टीम बनाकर क्षेत्र में अड्डेबाजी करने वालों के ठिकानों में दबिश दी गई। पतासाजी के दौरान प्रधान आरक्षक निशार परवेज, सरफराज खान, अजय शर्मा ने तोरवा पेंडलवार गली में दबिश देकर संदिग्ध रूप से घूम रहे दो युवकों को पकड़ा, तलाशी लेने पर एक के पास तलवार, दूसरे के पास चाकू मिला। इसी तरह शंकरनगर तोरवा निवासी अश्विनी बेरिया अपने दोस्तों के साथ हेमूनगर में नाश्ता कर रहे थे। इसी दौरान एक सिरफिरा बदमाश उन्हें जबरन धक्का देते हुए जा रहा था। अश्वनी ने उसे देखकर चलने की बात कही तो गाली गलौज कर चला गया। कुछ देर बाद वह अपने दो दोस्तों के साथ चाकू, बेसबाल, स्टीक से लैस होकर अश्विनी बेरिया को खोज रहे थे। इसी दौरान अड्डों की जांच करने गई पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। उसके पास चाकू मिला। वहीं उसके दो अन्य साथी भाग गए।

इसी तरह पुलिस संदिग्ध रूप से अड्डा में संदिग्ध रूप से मिले दो बदमाशों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने जांच के दौरान लंबे समय से फरार 6 वारंटियों को पकड़ा है।

### युवक को चाकू लेकर मारने दौड़ाया

तारबाहर पुलिस के अनुसार, कश्यप कालोनी निवासी सुजीत पाण्डेय पिता अजय पाण्डेय 26 साल 2 अप्रैल को पुराना बस स्टैण्ड गए थे। पुरानी रंजिश में पुराना बस स्टैण्ड निवासी अनुराग कश्यप पिता स्व. मोहन कश्यप 21 साल ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चाकू लेकर दौड़ाया, पीड़ित युवक भागकर अपने घर चला गया तो हमलावर उसके घर जाकर लात से दरवाजे को मारने लगा। उसके बाद हथौड़ी से उनकी बुलेट में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने आरोपी अनुराग कश्यप को गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू, हथौड़ी जब्त किया गया है।

### पकड़े गए चाकूबाज

- हर्ष कुकरेजा पिता संजय कुकरेजा 20 साल सांई भूमि कालोनी गुरूनानक चौक
- राकेश ध्रुव पिता भगत ध्रुव 33 साल वालिया गली तोरवा
- सागर सिंह पिता लालू सिंह 20 साल गणेशनगर नयापारा

इन पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

- दुना भास्कर पिता लक्ष्मीनारायण 21 साल बुधवारी बाजार
- दीपक बजाज पिता राजेश बजाज 22 साल तोरवाबस्ती

पकड़े गए वारंटी

- चेतन नाग पिता गोविंदा नाग 24 साल देवरीखुर्द
- रोहित ध्रुव पिता संतोष ध्रुव 22 साल देवरीखुर्द
- अभिषेक जाना उर्फ कलुवा पिता सुनील जाना 25 साल लालखदान
- अमित कुमार बघेल पिता स्व. ओझा दास बघेल 28 साल लालखदान
- आलोक तांडी पिता जग्गनाथ टांडी 32 साल देवरीखुर्द
- चंद्रप्रकाश कोल उर्फ गुंडा पिता जोहन जाज कोल 32 साल देवरीखुर्द

## अमानवीय घटना के बीच मानवता की मिसाल, अनोखी सोच संस्था ने किया मृत महिला का अंतिम संस्कार

**अम्बिकापुर।** शहर में घटी एक अत्यंत दर्दनाक एवं अमानवीय घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। विदित है कि गंगापुर भुईयापाडरा 45 वर्षीय महिला मृतिका के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई, जिससे पूरे समाज में गहरा आक्रोश एवं शोक व्याप्त है।

इस हृदय विदारक घटना के बीच मानवता और संवेदनशीलता की एक प्रेरणादायक मिसाल भी सामने आई है। मृतिका के परिवार में केवल उसका एकमात्र पुत्र ही है। परिवार में अन्य किसी सदस्य के अभाव के कारण उनका अंतिम संस्कार कर पाना संभव नहीं हो पा रहा था। आर्थिक, सामाजिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के चलते परिजन अत्यंत असहाय स्थिति में थे। इसी दौरान जब मृतिका के पुत्र को यह जानकारी मिली कि अनोखी सोच संस्था ऐसे जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के अंतिम संस्कार में सहयोग प्रदान करती है, तो उसने तत्काल संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू से संपर्क किया। सूचना प्राप्त होते ही संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों ने संवेदनशीलता एवं तत्परता दिखाते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। इसके उपरांत संस्था के सदस्यों द्वारा गंगापुर स्थित मुक्तिधाम में मृतिका का अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान, धार्मिक परंपराओं एवं सम्मान के साथ संपन्न कराया गया। संस्था के सदस्यों ने न केवल अंतिम संस्कार की समस्त व्यवस्था की, बल्कि शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में मानसिक एवं सामाजिक संबल भी प्रदान किया। इस दौरान संस्था के सदस्य पंकज चौधरी, संजु चटर्जी, मोती ताम्रकार, सुनील साहू, चंद्रप्रताप सिंह, बिट्टू मिश्रा, अजय ताम्रकार, निशांत जायसवाल, लाला साहू, बनाफ़र कैरकेट्टा, सत्यम साहु आदि मौजूद रहे।



### घरवाले शादी में चले गए, चोर ले उड़े जेवर नकद

**बिलासपुर।** दरवाजे में ताला लगाकर घरवाले शादी में चले गए। इधर चोरों ने ताला तोड़कर आराम से पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर आसानी से भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोनी पुलिस के अनुसार, निरतू निवासी मोहम्मद आजाद पिता मोहम्मद रमजान 26 मार्च को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ शादी में शामिल होने चिरमिरी चले गए थे। 3 अप्रैल को वे परिवार के साथ अपने घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो पूरा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का नथ, अंगूठी, मांग टीका, बिछिया, पायल, ब्रेसलेट व 30 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया था। चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर आराम से चोरी की वारदात को अंजाम देकर आसानी से भाग गए। सूचना पर पुलिस ने उनके घर का मुआयना करने के बाद लौट गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों का किया गया सम्मान

**हरदीबाजार।** प्रेस क्लब हरदीबाजार के द्वारा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ एएन कंवर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ युद्धेश सांडे, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ टिकेंद्र वर्मा एवं डॉ सुधा महंत का प्रेस क्लब अध्यक्ष राजाराम राठौर, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय एवं सचिव निलेन्द्र राठौर के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### शासकीय अस्पतालों में खुलेंगे अटल आरोग्य लैब

**कोरबा।** राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निर्णय लिया है। अब जिले के शासकीय अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में अटल आरोग्य लैब शुरू की जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र सरकार के उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को उनके घर के पास ही उच्च स्तरीय और महंगी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है। योजना की प्रदेश स्तरीय शुरुआत 14 अप्रैल को जगदलपुर जिला अस्पताल से तरीके से इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। जिले में जिला अस्पताल के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा मिलेगी। पूरी जांच प्रक्रिया को हब एंड स्पोक मॉडल के तहत व्यवस्थित किया गया है। इसके अंतर्गत राज्य स्तर पर 1 रेफरल लैब और 4 संभागीय लैब, जिला स्तर पर 33 जिला लैब और 12 सिविल अस्पताल लैब, ब्लॉक स्तर पर 187 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैब, कलेक्शन सेंटर 814 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैंपल कलेक्शन सेंटर के रूप में कार्य करेंगे। नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों के स्तर के अनुसार जांचों की संख्या तय की गई है। जिला अस्पतालों में 134, सिविल अस्पतालों में 111, सीएचसी में 97 और पीएचसी में 64 प्रकार की जांचें निःशुल्क या रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी।

### तेज आंधी-तूफान से शहर में छाया धुल के गुबार

**कोरबा।** जिले के कई क्षेत्रों में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली और भारी बारिश ने कई क्षेत्रों को प्रभावित किया। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज आंधी-तूफान के कारण दीपका में सड़क किनारे कई सूखे पेड़ गिरकर सड़क पर आ गए। इस दौरान कई बाइक सवार, चार पहिया वाहन चालक और राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल बाल बचे। कई जगह पेड़ गिरकर सड़क पर आ गए। इस दौरान कई बाइक सवार, चार पहिया वाहन चालक और राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बचे। औद्योगिक नगरी होने के कारण आंधी-तूफान से पूरे इलाके में धूल, डस्ट और राखड़ उड़ने लगा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई। कुसमुंडा, दीपका, दर्री, बालको सहित आसपास के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी बारिश और आंधी-तूफान से लोग परेशान रहे। शहरी क्षेत्रों में भी तेज आंधी-तूफान के कारण सड़कों पर धूल उड़ती दिखी। सड़क किनारे लगे कई बैनर-पोस्टर और दुकानों के बाहर लगे तिरपाल उड़ गए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज आंधी-तूफान और बारिश का असर देखा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले तीन दिनों से मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है। गुरुवार रात और शुक्रवार को भी तेज बारिश और आंधी-तूफान आया था। मौसम में अचानक आए इस बदलाव के कारण तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह तेज धूप रहती है, जबकि शाम होते ही आंधी-तूफान और बारिश की स्थिति बन जाती है।

### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**कोरबा।** कुंआभट्ठा स्थित राजवाड़े कुर्मी के सामाजिक भवन परिसर में स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में समाज के प्रबुद्धजनों ने हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया और सुंदरकांड का पाठ किया। राजवाड़े कुर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष कृपासिंधु राजवाड़े के नेतृत्व में भंडारे का भी आयोजन किया गया और सभी सदस्यों ने हनुमान पूजन के बाद भोग-भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर तृप्त हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। जिन्होंने एक साथ सुदंरकांड का पाठ किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### छोटे भाई की...

ग्रुप (ग्राम रक्षा दल) के माध्यम से आरोपी की पतासाजी हेतु जानकारी साझा किया गया जो जनप्रतिनिधियों व मुखबिर से सूचना मिला कि फरार आरोपी कल्याण यादव ग्राम साढामार के आसपास देखा गया है, तथा दीगर राज्य भागने की फिराक में है। जिसे त्वरित कार्यवाही करते हुये घेराबंदी कर पकड़ा गया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र के घंटाघर चौपाटी का मामला

# जूस में डालने वाली बर्फ में निकला मेंढक, ग्राहकों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घंटाघर चौपाटी में एक सोडा-गन्ना जूस की दुकान में यह लापरवाही सामने आई। जानकारी के मुताबिक की शुक्रवार शाम कुछ ग्राहक जूस पीने पहुंचे थे। जूस तैयार करने के बाद जब दुकानदार बर्फ तोड़ रहा था, तभी उसमें मरा हुआ मेंढक दिखाई दिया। यह देखकर मौके पर मौजूद लोग हैरान रह गए और देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

सूचना मिलने पर चौपाटी संघ के अध्यक्ष रवि वर्मा मौके पर पहुंचे और बर्फ तोड़कर मेंढक को बाहर निकाला। घटना के बाद ग्राहकों में काफी नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बताया जा रहा है कि दुकान में इस्तेमाल की जा रही बर्फ धन्नु बर्फ डिपो से लाई गई थी। वहीं, बर्फ डिपो संचालक डी. गुप्ता ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि संबंधित बर्फ कहां से आई थी और यह उनके डिपो की है या नहीं। चौपाटी संघ ने बर्फ फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं खाद्य-औषधि विभाग के अधिकारी विकास भगत ने कहा है कि मामले की जांच की जाएगी और शहर की सभी बर्फ फैक्ट्रियों की भी जांच की जाएगी। घटना के बाद भी संबंधित जूस की दुकान का संचालन जारी है, जिससे लोगों में और भी नाराजगी देखी जा रही है।



बर्फ में निकला मेढक।

# चार पहिया वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसमुंडा बायपास मार्ग पर शुक्रवार की शाम एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4 बजे गंगानगर के पास होंडा साइन मोटरसाइकिल सीजी 12 बीयू 6303 में सवार दो युवक सामने से आ रहे 407 वाहन सीजी 12 बीके 7876 से जा भिड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल चला रहे अंकित शर्मा (24 वर्ष) के सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक अंकित शर्मा, पिता विनोद शर्मा, गेवरा खदान की एक निजी कंपनी में सरफेस माइनर हेल्पर के रूप में कार्यरत था और गरुड़ नगर कॉलोनी, गेवरा का निवासी था। अनुसार मोटरसाइकिल और 407 वाहन की रफ्तार काफी तेज थी और वह अनियंत्रित होकर सीधे 407 वाहन से टकरा गई। वाहन चलक छोड़कर वहां से जंगल की ओर भांग गऐ। घटना की जानकारी कोई आम आदमी ने दी 112 पुलिस सूचना घायल मोनू यादव को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कोरबा रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है।



दुर्घटना के बाद घायल युवक व क्षतिग्रस्त मोटर साइकिल।

# राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा ने चलाया तालाबों में स्वच्छता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक रासेयो, प्रो वायके तिवारी जिला संगठक, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ईको क्लब प्रभारी के निर्देश पर स्वंय सेवक विजय कुमार, तुषार कुमार, आदित्य कंवर, साई प्रसाद, आयुष तंवर,नीतीश, रोहित, जीवेश, विनय ने टीम बना कर ग्राम पंचायत चैतमा, ईरफ, साजबहरी, गोदग्राम कुटेलामुढा तालाब के आसपास, पचरी घाट में स्वच्छता अभियान चलाया। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जल जीवन का आधार है और तालाब हमारे पारंपरिक जल स्त्रोतों में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और लापरवाही के कारण तालाब गंदगी से भरते जा रहे हैं। ऐसे में तालाबों में स्वच्छता अभियान चलाना अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि जल स्त्रोतों को सुरक्षित और स्वच्छ रखा जा सके। अभियान के दौरान तालाब से प्लास्टिक, कचरा, गंदगी जैसी हानिकारक वस्तुओं को हटाया गया।

# निगम ने चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों पर शुरू किए प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बढ़ती गर्मी में राहगीरों, जरूरतमंदों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई प्याऊ स्थापित किए गए हैं, साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर भी प्याऊ स्थापित कराए जा रहे हैं ताकि राहगीरों, नागरिकों को शुद्ध व ठंडा पेयजल सुगम रूप से उपलब्ध हो सके। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा बढ़ती गर्मी के मद्देनजर चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अस्थाई प्याऊ खोलने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए गए थे, निगम के सभी जोनांतर्गत प्रमुख चौक-चौराहों पर प्याऊ का संचालन आज से प्रारंभ कर दिया गया है। महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन अस्थाई प्याऊ घरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा घड़ों में प्रतिदिन शुद्ध एवं ताजा पानी डाल कर रखा जाए, ताकि लोगों को इन प्याऊ घरों के माध्यम से शुद्ध व ताजा ठंडा पेयजल पीने हेतु मिल सके। उन्होने आवश्यकतानुसार और अधिक चौक-चौराहों में अस्थाई प्याऊ खोलने तथा पूरे ग्रीष्म ऋतु में उनका नियमित संचालन कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।




प्याऊ घर में पानी पिलाती महिला।

# विधायक ने जनहित कार्यों का किया भूमिपूजन



भूमिपूजन करते कटघोरा विधायक एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत चैनपुर, उतरदा एवं रेंकी में विकास किए जा रहे हैं। एनटीपीसी सीपत के सीएसआर मद से लगभग 65 लाख रुपये की लागत से विभिन्न जनहितकारी कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्यातिथि में संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत चैनपुर में सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत उतरदा के माध्यमिक विद्यालय में बैठक कक्ष एवं मंच निर्माण तथा ग्राम पंचायत रेंकी के शिवघाट में अहाता निर्माण जैसे कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली। ये सभी कार्य क्षेत्र के समग्र विकास, शिक्षा सुविधाओं के विस्तार एवं आधारभूत संरचना के लिए मजबूत साबित होंगी। इस अवसर पर मुकेश जायसवाल, सरपंच विनोद कुमार टेकाम, देवेन्द्र कुमार, मोहन यादव, रामकुमार तंवर, रामकुमार मन्नु राठौर, अनिल आयाम, किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर 21 हजार दीपों से लिखा गया जय श्रीराम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पं. रविशंकर शुक्ल नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर न केवल श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, बल्कि शाम के समय एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने पूरे शहर को भावविभोर कर दिया। दोपहर 12 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार महसूस किया गया। हवन के पश्चात हनुमान चालीसा पाठ और मंगल आरती का आयोजन किया गया। सैकड़ों भक्तों ने एक साथ बैठकर पाठ किया, जिससे मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिरस में डूब गया। हर चौपाई के साथ जयघोष गूंजते रहे। संध्या 7 बजे आयोजन का सबसे अद्भुत और आकर्षक दृश्य सामने आया, जब मंदिर परिसर में 2100 दीपकों को सजाकर जय श्रीराम लिखा गया। दीपों की इस दिव्य रचना ने पूरे वातावरण को अलौकिक बना दिया। जैसे ही दीप प्रज्वलित हुए, पूरा परिसर प्रकाशमय हो उठा और श्रद्धालु इस दृश्य को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

## भक्ति भाव के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**भैसमा।** ग्राम भैसमा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया हनुमान मंदिर अंजोरीपाली में पूर्व से ही हनुमान जन्मोत्सव मनाने हेतु तैयारी चल रही थी हनुमान जन्मोत्सव के दिन भव्य शोभा यात्रा जिसमें लगभग 10 गांव के श्रद्धालु भक्त सम्मिलित हुए थे। शोभा यात्रा बाजार चौक से होते हुए अंजोरीपाली चौक तक भ्रमण कराया गया इसमें कर्मा दल के के साथ ग्रामवासी श्रद्धालु जय श्री राम का नारा लगाते हुए मंदिर हनुमान मंदिर अंजोरीपाली तक पहुंचे जहां हनुमान मंदिर समिति के द्वारा भोग प्रसाद की व्यवस्था की गई थी यहां सभी श्रद्धालु भक्तों को भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

# शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जा निगम से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घण्टाघर स्थित आईडीएसएमटी कॉम्प्लेक्स बिलासा ब्लड बैंक के पास में संचालित द चाय बार नामक दुकान के संचालक पर सार्वजनिक सीढ़ी पर अवैध कब्जा कर उसे बंद कर देने और दीवार उठाकर अपने व्यवसाय में शामिल करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के अनुसार, नगर निगम द्वारा सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाई गई सीढ़ी को अवैध रूप से घेरकर बंद कर दिया गया है। इतना ही नहीं, निगम के बरामदे को भी दुकान में शामिल कर उसका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। इससे आम नागरिकों की आवाजाही बाधित हो रही है और सार्वजनिक हित सीधे तौर पर प्रभावित हो रहा है। मामला और भी गंभीर इसलिए हो जाता है क्योंकि उक्त स्थान के 100 मीटर के दायरे में कई शैक्षणिक संस्थान और कोचिंग सेंटर संचालित हैं। शिकायत में बताया गया है कि दुकान के आसपास नशा और धूम्रपान जैसी गतिविधियां हो रही हैं, जिससे यहां आने वाले छात्र-छात्राओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

# देहरादून में जिले के खिलाड़ी प्राप्त कर रहे हैं कर्लिंग खेल का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में शामिल खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कर्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में विंटर ओलंपिक खेल में शामिल कर्लिंग खेल का प्रशिक्षण शिविर हिमाद्री आईस रिंक देहरादून, उत्तराखंड में लेवल 1-26 से 28 मार्च तक एवं ओपन कर्लिंग प्रशिक्षण शिविर 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त कर लेवल 1 का दर्जा हासिल किया है। प्रशिक्षण शिविर राष्ट्रीय महासंघ की अध्यक्षा डॉ रश्मि सलूजा, महासचिव शौकत रसूल एवं पीएन राजू चैयरमेन एथलीट कमिसन के सतत निरीक्षण में प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ कर्लिंग एसोसिएशन एवं चैयरमेन एथलीट कमिसन ने बताया कि बर्फ पर रणनीतिक और शारीरिक सामंजस्य, बैलेन्स के साथ खेला जाने वाला कर्लिंग खेल अंतराष्ट्रीय ओलिम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त है एवं विंटर ओलिंपिक, पैरालिम्पिक, एशियाई खेल जैसे उच्चतम स्तर में खेला जाता है। पिछले 4 सालों से कर्लिंग खेल का प्रशिक्षण गुलमर्ग, जम्मू कश्मीर में प्रदान किया जाता रहा है। यह प्रथम समय है जब खेल का प्रशिक्षण कृत्रिम आइस रिंक पर प्रदान किया जा रहा है। जिसमे देश के 90 खिलाड़ी ओपन प्रशिक्षण शिविर एवं 30 से अधिक कोच लेवल 1 का प्रशिक्षण प्राप्त करने शिविर में उपस्थित हुए हैं।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

KRISHNA Multispeciality Hospital
AFFORDABLE AND TRUSTED HEALTHCARE
24/7 Emergency Services
उपलब्ध विभाग
• हड्डी रोग विभाग
• एक्सीडेंट एवं ट्रामा युनिट
• मेडिसिन रोग विभाग
• छाती रोग विभाग
• सर्जरी विभाग
• शिशु रोग विभाग
• स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• इनफर्टिलिटी विभाग
• पैथोलॉजी विभाग
• इंटेंसिव एण्ड क्रिटिकल केयर यूनिट
• न्यूरोसर्जरी विभाग
आयुष्मान एवं कैशलेस टीपीए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• 96 स्लाइस एडवांस सीटी स्कैन
• X-Ray 3D 4D USG, EEG, ECG, TMT,
• PFT की सुविधा
• वेंटीलेटर की सुविधा
• अनुभवी स्टाफ की टीम
• डायलिसिस की सुविधा
• 24 घंटे फार्मेसी एवं पैथोलॉजी की सुविधा
• 24 X 7 अपातकालीन सुविधाएं
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.) 7771005425, 77710-13560
Help Line No.:- 9109127585

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

### केएन और पीजी कॉलेज में दो वर्ष पूर्व हुए थे आयोजित

# शहर के आईटीआई और कॉलेजों में दो साल से नहीं लगे प्लेसमेंट कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक जिला होने के बाद भी शहर के कॉलेजों एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्लेसमेंट कैंप नहीं आयोजित होने से इन संस्थानों के छात्रों को बड़ी औद्योगिक कंपनियों में रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। दो वर्ष पूर्व पीजी कॉलेज एवं केएन कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किये जाने से इन कॉलेजों के छात्रों को रोजगार के अवसर मिले थे।

**खास बात**

- स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों को मिला था रोजगार का अवसर

जिले के सभी विकासखंड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ शासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। इनमें अकेले पीजी कॉलेज, केएन कॉलेज, मिनीमाता कॉलेज के अलावा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रमुख रुप से स्थापित हैं। जहां जिले के ग्रामीण अंचलों के छात्र एवं अन्य जिलों के छात्रों के द्वारा प्रवेश लिया गया है। औद्योगिक जिला होने के नाते यहां बालको, एनटीपीसी, एसईसीएल, सीएसईबी, लैंको सहित अन्य निजी संस्थान संचालित हैं जिनके द्वारा शिक्षण संस्थानों में प्लेंसमेंट कैंप आयोजित होने के मामले में रुचि नहीं ली जा रही जबकि इन संस्थानों में कई निजी कंपनियां कार्यरत है।

जहां अन्य प्रदेशों के छात्र नियोजित किए गए हैं। किंतु शहर के छात्रों को इन बड़े औद्योगिक उपक्रमों में रोजगार के अवसर इसलिए उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं यहां इन संस्थानों में प्लेसमेंट कैंप नहीं लगाए जा रहे हैं जबकि योग्य और तकनीकी रुप से दक्ष छात्र जिले के डिप्लोमा कॉलेज आईटीआई संस्थान के साथ शासकीय कॉलेजों से निकलकर अन्य प्रदेशों में रोजगार तलाश रहे हैं। यही कारण है कि अब जिले के शासकीय कॉलेजों में जहां कभी प्रवेश के लिए मारामारी मची रहती थी अब वहां सीटें खाली नजर आती है। बड़ा औद्योगिक जिला का लाभ भी जिले के शिक्षण संस्थानों से निकलने वाले छात्रों को नहीं मिल पा रहा है।


फाइल फोटो

### रोजगार कार्यालय में ही लगता है मेला

शहर के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्लेसमेंट कैंप आयोजित नहीं होने के मामले में स्थानीय प्रशासन के साथ साथ जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी सामने आ रही है। यही कारण है कि जिले में ही चल रहे निजी सार्वजनिक उपक्रमों को भी प्लेसमेंट कैंप लगाने के लिए दबाव नहीं बनाया जा रहा है। जबकि शिक्षण संस्थानों के प्रमखों का कहना है कि अगर निजी कंपनियों के द्वारा प्लेसमेंट कैंप लगाए जाते हैं तो इससे कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या भी बढ़ेगी और संस्थानों से निकलने वाले छात्रों को रोजगार भी मिलेगा लेकिन केवल रोजगार कार्यालय में ही शासन के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन कर स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की पहल की जा रही है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन साल से प्रवेश बंद

शहर के इंजीनियरिंग कॉलेज में बीते तीन साल से जीरो ईयर घोषित किए जाने के कारण किसी भी ट्रेड में प्रवेश बंद कर दिया गया है। परिणाम स्वरुप आईटी कॉलेज के नाम से चलने वाले इंजीनियरिंग कॉलेज में अब गिनती के छात्र ही विभिन्न ट्रेडों में अध्ययनरत है। यही स्थिति पॉलिटेक्निक कॉलेज में भी नजर आती है जहां छात्रों की दर्ज संख्या घटने लगी है। कमोबेस यही हाल जिले के सबसे पुराने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का है। यहां भी राज्य शासन के द्वारा भी किसी भी कंपनी का प्लेसमेंट नहीं लगाया गया जबकि इन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से दक्ष युवा डिग्री लेकर बाहर के राज्यों में रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं।

# शॉर्ट सर्किट व ओवरलोड से कॉलेज चौक स्थित ट्रांसफार्मर में लगी आग


इस तरह ट्रांसफार्मर में लगी थी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

गर्मी के आते ही जहां बिजली की खपत बढ़ जाती है, पंखा, कुलर, एसी, फ्रीज जो गर्मी से राहत दे ऐसे सभी विद्युत संचालित उपकरण शुरू हो जाते हैं। वहीं ट्रांसफार्मर की क्षमता से अत्याधिक दबाव ट्रांसफर पर पडने लगता है और नतीजा शार्ट सर्किट होने लगता है। कुछ ऐसी ही घटना शनिवार दोपहर को मौसम का मिजाज बदला अंधड़, आकाशीय बिजली चमकी और हरदीबाजार विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत कॉलेज चौक के समीप लगा ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट व ओवरलोड होने की वजह से ट्रांसफार्मर में आग लग गई। बताया जा रहा है कि अधिक भार होने के कारण शार्ट सर्किट हो गया जिस कारण से ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने से आसपास के रहने वाले रहवासी वहां से भाग गये, किनारे में एक किराना दुकान को भी बंद कर वहां से दूर चले गये थे। स्थानीय लोगों ने बिजली कर्मचारी और दमकल विभाग को सूचना दी। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था।

# एसी के कॉपर वायर चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में दुकानों और प्रतिष्ठानों से लगातार हो रही एसी के कॉपर वायर चोरी की वारदातों पर आखिरकार कोतवाली पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर गिरोह का खुलासा किया है, जबकि जांच अब कबाड़ी कनेक्शन तक पहुंच गई है।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक साहू, वसीम मेमन और रमेश साहू के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी देर रात दुकानों को निशाना बनाकर एसी के कॉपर वायर निकालते थे और उन्हें ठिकाने लगाते थे। पूछताछ में सामने आया है कि चोरी किए गए कॉपर वायर का लिंक राताखार के एक चर्चित कबाड़ी से जुड़ रहा है। शुरुआती जानकारी में राजेश नाम के कबाड़ी का नाम सामने आया है, जिससे इन आरोपियों के तार जुड़े होने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस इस एंगल पर अभी गहराई से जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया कॉपर वायर भी बरामद कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह ने शहर के किन-किन इलाकों में वारदात को अंजाम दिया है और इसमें और कौन-कौन शामिल हो सकते हैं। पिछले कुछ समय से शहर के विभिन्न क्षेत्रों से एसी के कॉपर वायर चोरी होने की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे व्यापारी वर्ग में नाराजगी थी। पुलिस ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगरानी बढ़ाई और आखिरकार गिरोह तक पहुंच गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।







